कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / खेलकूद–3 / ग्रामीण ओलम्पिक 2022 / 2022–23 दिनांक : 13/8/22

:: कार्यालय आदेश ::

इस विभाग के दो समसंख्यक आदेशों (पृथक–पृथक) दिनांक : 12.08.2022 के द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल 2022 के आयोजन में खेलकूद गतिविधियों के संचालन एवं सुचारू व्यवस्था हेतु विभाग में कार्यरत शारीरिक शिक्षकों को ग्राम पंचायत स्तर पर दिनांक : 28.08.2022 से 01.09.2022 तक आवश्यकतानुसार प्रतिनियुक्त करने के लिए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को अधिकृत करने हेतु तथा कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा में मॉनिटरिंग सेल का गठन करके 06 शारीरिक शिक्षकों को आयोजन संबंधी समस्त समन्वय एवं देखरेख हेतु प्रतिनियुक्ति के आदेश जारी किये गये थे।

इस क्रम में उक्त कार्मिकों को ओलम्पिक खेलों के आयोजन संबंधी पूर्व तैयारियों (यथा 17.08.2022 तक खेलों के लिए गठित दलों की घोषणा करना एवं रिपोर्ट पंचायत पोर्टल पर अपलोड करना आदि) के लिए दिनांक : 16.08.2022 से ही आवश्यकतानुसार प्रतिनियुक्त करने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

Rajasthan Education Department

(गौरव अग्रवाल)
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक / माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
3. निजी सचिव, निदेशक, संस्कृत शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
4. शासन सचिव, खेलकूद एवं युवा कार्यक्रम विभाग राजस्थान, जयपुर।
5. अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्, जयपुर।
6. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क निदेशालय राजस्थान, जयपुर।
7. उप शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान, जयपुर।
8. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय–माध्यमिक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
12. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर।